विभिन्न फसलों की 35 जलवायु अनुकूल किस्में देश को समर्पित

अजमेर,(नसं.-सरेराह)। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में विभिन्न फसलों की 35 जलवायु अनुकूल किस्में और आईसीएआर राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान रायपुर का नवनिर्मित भवन देश को समर्पित किया गया। तबीजी अनुसंधान केन्द्र के जन संपर्क अधिकारी जीके त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के अजमेर स्थित राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी तथा विद्यायक अनीता भदेल, विशिष्ट अथिति जोबनेर जयपुर के प्रगतिशील किसान गंगाराम सेपट, तथा डॉ. दिनेश अरोरा ने भाग

लिया। कार्यक्रम में आस पास के क्षेत्र के लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र नाथ सक्सेना ने की। इस दौरान ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न फसलों की 35 जलवायु अनुकूल किस्में और आईसीएआर राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थानए रायपुर देश को समर्पित किया गया तथा प्रधानमंत्री देश के विभिन्न पांच किसानों से सीधा संवाद किया। उसका प्रसारण संस्थान में आए किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार तथा धन्यवाद प्रधान वैज्ञानिक डॉ रविंद सिंह ने दिया।